में दिनांक 19.05.2020 को 2.70/— लाख रूपये एवं दिनांक 25.08.2021 को 1.50/— लाख रूपये कुल राशि 4.20/— लाख रूपये (अखरे रूपये चार लाख बीस हजार मात्र) **की राशि की स्वीकृति प्रदान की थी।** ऋण की सुरक्षा की एवज में **अप्रार्थी मेजर सिंह द्वारा बंधक रखी अपनी अचल सम्पत्ति पट्टा नं. 37, बुक नं. 251 (क्षेत्रफल 1875 स्केयर फीट) ग्राम पंचायत भगवानगढ़, गांव 12 एसजीआर, सूरतगढ, श्रीगंगानगर,** प्रार्थी बैंक के पास रहन रखी। प्रार्थी बैंक के प्रार्थना धारा 14 एवं उसके समर्थन में प्रस्तुत दस्तावेजात एवं शपथ पत्र के अनुसार अप्रार्थी ऋणी का खाता दिनांक 04.07.2023 **को अनर्जक परिसम्पत्ति (एन.पी.ए.)** हो गया। बैंक द्वारा अप्रार्थी ऋणी को धारा **13(2) के नोटिस दिनांक 06.07.2023** को जारी किये है और रजिस्टर्ड डाक से भिजवाये जाने की पोस्ट ऑफिस की रसीद संलग्न है परन्तु ऑनलाईन ट्रैक के अनुसार अप्रार्थी महेन्द्र कौर की तामील नहीं हुई है।

**वित्तिय आस्तियों** का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करने के लिए विवादग्रस्त सम्पत्ति जिसका भौतिक कब्जा चाहा जा रहा है वह सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट के क्षेत्राधिकार में होना आवश्यक है और दूसरा सम्बन्धित ऋणियों पर धारा 13(2) के नोटिस की तामील ऋणियों/जमानतदारों पर विधिवत् रूप से होनी आवश्यक है।

**जहां तक ऋण की एवज** में बंधक रखी गई **अप्रार्थी मेजर सिंह द्वारा बंधक रखी अपनी अचल सम्पत्ति पट्टा नं. 37, बुक नं. 251 (क्षेत्रफल 1875 स्केयर फीट) ग्राम पंचायत भगवानगढ़, गांव 12 एसजीआर, सूरतगढ, श्रीगंगानगर,** जो प्रार्थी बैंक के पास बंधक रखी हुई है, का संबध है, वह जिला मजिस्ट्रेट के क्षेत्राधिकार जिला श्रीगंगानगर में स्थित है। इसलिए वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के तहत निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता कार्रवाई करने के लिए सक्षम है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Ansh Deep Ralh
Date: 2023.12.08 17:47:38 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट
श्री गंगानगर

